an>

Title: Regarding repair of National Highways in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): गुजरात में पिछले दिनों वर्षा के कारण किसानों, आम जनता के साथ साथ सरकारी संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचा है । मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच में नेशनल हाईवे तथा स्टेट हाइवे के जो मार्ग थे वे भारी वर्षा के कारण टूट गये हैं । मेरा संसदीय क्षेत्र पूरी तरह एक औद्योगिक क्षेत्र है । देश के विभिन्न राज्यों से यहां पर वाहनों का आवागमन होता रहता है । मेरे उक्त क्षेत्र के सारे मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण जनता को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है । भरूच-दहेज अंकलेश्वर से वाल्या, सागबारा से महाराष्ट्र बार्डर तथा नेतरंग से राजपीपला तक के मार्गों को भारी नुकसान पहुंचा है । ये सारे मार्ग भारी वर्षा के कारण टूटकर बह गए हैं । देश भर से स्टेच्यू ऑफ यूनिटी आने वाले पर्यटकों के साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों अंकलेश्वर, पनौली तथा दहेज आने वाले वाहन चालकों को भी बहुत परेशानी हो रही है । इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि टूटे हुए क्षतिग्रस्त मार्गों की तत्काल मरम्मत के साथ ही स्थायी रूप से मजबूत और अच्छा रोड बनाया जाए ।